**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 20.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअली मिशन शक्ति 5.0 अभियान का किया गया शुभारम्भ, साथ ही प्रदेश के सभी 1647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का किया गया उद्घाटन।**
- **जनपद बांदा में पुलिस लाइन सहित सभी थानों में कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया सजीव प्रसारण । प्रसारण में मा0 जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी तथा स्थानीय महिलाएँ एवं छात्राएं रहीं उपस्थित।**

**विवरण**- महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए आज दिनांक 20.09.2025 को **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा **मिशन शक्ति 5.0** अभियान का वर्चुअली शुभारम्भ किया गया साथ ही इस अवसर पर प्रदेश के सभी 1647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का उद्घाटन भी किया, इसी क्रम में जनपद बांदा के सभी 18 थानों में मिशन शक्ति केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। जनपद बांदा में पुलिस लाइन सहित जनपद के सभी थानों में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसमें मा0 जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी/कर्मचारी गण, महिला बीट पुलिस अधिकारी तथा स्थानीय महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान का पहला चरण आगामी शारदीय नवरात्र से शुरू होगा। कल दिनांक 21.09.2025 को पुलिस लाइन से महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूटी रैली निकाली जाएगी जिसके माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाया जाए। अभियान के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम सचिवालयों, बाजारों आदि स्थानों पर चौपाल का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी जाएगी।